शहरों का तापमान | मोतिहारी : अधिकतम 35.0° न्यूनतम 23.0° | बेतिया : अधिकतम 35.0° न्यूनतम 23.0°

prabhatkhabar.com

दो वर्षों से एक ही जगह जमे 88 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला

प्रतिनिधि,मोतिहारी

जिले में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं गतिशील बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है. एसपी ने पिछले दो वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थापित 88 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला कर दिया है. इस संबंध में पुलिस कार्यालय से आदेश जारी कर दिया गया है. जानकारी के अनुसार, लंबे समय से एक ही थाना एवं इकाई में कार्यरत पुलिस पदाधिकारियों को जिले के विभिन्न थानों और शाखाओं में स्थानांतरित किया गया है. पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि यह कदम प्रशासनिक आवश्यकता, कार्यकुशलता बढ़ाने तथा कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उठाया गया है. पुलिस महकमे में हुए इस व्यापक तबादले के बाद संबंधित पदाधिकारियों को अविलंब अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है. आदेश के बाद पुलिस विभाग में हलचल तेज हो गई है और अधिकारी अपने नए कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारी संभालने की तैयारी में जुट गए हैं. पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस फेरबदल से थानों में कार्य संस्कृति में सुधार होगा तथा अपराध नियंत्रण एवं जन शिकायतों के त्वरित निष्पादन में मदद मिलेगी. एसपी के इस निर्णय को पुलिस प्रशासन में जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.

विदेशी शराब जब्त, युवक गिरफ्तार

मोतिहारी. शहर के गोपालपुर बलखाना से खेत में छुपाकर रखा गया विदेशी शराब को नगर पुलिस ने बुधवार को बरामद किया. इस मामले में सचिन कुमार नामक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. नगर इंसपेक्टर राजीव रंजन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की गोपालपुर बलखाना में एक प्लास्टिक के बोरा में विदेशी शराब छुपाकर रखा गया है. सूचना के आधार पर एक खेत से 22 पीस ऑफिसर च्वाईस ब्लू तथा एक बोतल रॉयल स्टेग सुपीरियर व्हिस्की बरामद की गयी.

दुकान बिना वैध औषधि अनुज्ञप्ति के संचालित मिली, दो दवाओं के नमूने भी लिये

बड़ी कार्रवाई: बिना लाइसेंस चल रहे मेडिकल स्टोर पर छापा,भारी मात्रा में दवाएं की जब्त

सख्ती

प्रतिनिधि, मोतिहारी

जिले में अवैध रूप से संचालित मेडिकल दुकानों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को बड़ी कार्रवाई की गई. डुमरियाघाट थाना के सहयोग से केसरिया प्रखंड के धनगढ़ा यादव नगर स्थित अभिजित हेल्थ क्लिनिक परिसर में संचालित राजेश्वर मेडिकल की जांच की गई. जांच के दौरान मेडिकल दुकान बिना वैध औषधि अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) के संचालित पाई गई.

इसके बाद औषधि निरीक्षकों की टीम ने दुकान में मौजूद सभी एलोपैथिक दवाओं, जिनमें टैबलेट, कैप्सूल, सिरप, इंजेक्शन समेत अन्य औषधियां शामिल हैं, को जब्त कर लिया. कार्रवाई के दौरान दो संदिग्ध औषधियों के नमूने भी गुणवत्ता जांच के लिए संग्रहित किए गए हैं. इन नमूनों को परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी. औषधि विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रतिष्ठान संचालक राजेश्वर प्रसाद यादव के विरुद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत शीघ्र ही माननीय न्यायालय में अभियोजन दायर किया जाएगा. इस संयुक्त छापेमारी अभियान में औषधि निरीक्षक श्री दयानंद प्रसाद, श्री सुशील कुमार, श्री राकेश सिंह एवं श्री सागर मल सोनी शामिल रहे. प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित मेडिकल दुकानों में हड़कंप मच गया है.

जांच के दौरान टीम.

ढाका के पांच अस्पतालों व प्रतिष्ठानों को नोटिस : सिकराहना. सिकराहना अग्निशमन विभाग द्वारा बुधवार को अनुमंडल के अलग अलग इलाके में मॉकड्रील व अग्नि अंकेक्षण किया गया. अस्पतालों व प्रतिष्ठानों में अग्निसुरक्षा के मानकों की जांच की गयी. अग्निशमन पदाधिकारी रंजीत कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि भारत रेस्टोरेंट,अन्नापूर्णा ब्रदर्स,अपोलो क्लिनिक चिरैया व पीके इमरजेंसी सेंटर के पास एनओसी नहीं है. नोटिस दिया गया और एक सप्ताह के अन्दर सभी कमियों को दूर करते हुए विभाग से एनओसी प्राप्त करने का निर्देश दिया गया.

बगैर एनओसी के चल रहे अस्पतालों व प्रतिष्ठानों को अग्निशमन विभाग की चेतावनी

मोतिहारी. शहर से लेकर अनुमंडलों व प्रखंडों में चल रहे सभी अस्पतालों व प्रतिष्ठानों को हर हाल में अग्निशमन विभाग से एनओसी लेना अनिवार्य है. एनओसी नहीं लेने वाले संचालकों के प्रति विभाग अभी पूरी तरह से सख्त हो गया है और अभियान चलाकर अग्नि सुरक्षा के मापदंडों की जांच कर रहा है. बुधवार को जिला अग्निशमन पदाधिकारी तृप्ति सिंह के नेतृत्व में सद अनुमंडल अग्निशामालय की टीम ने शहर के कई अस्पतालों व प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया और अग्निसुरक्षा के मापदंडों की गहनता से जांच की. सदर अग्निशमन पदाधिकारी अंबिका कुमारी ने बताया कि मुख्यालय के निर्देश पर लगातार अभियान चल रहा है. बुधवार को शहर के वात्सल्य नर्सिंग होम, बाल गोपाल हॉस्पिटल,रानी हॉस्पिटल, डॉ निरंजन सागर चंपारण हेल्थ सेंटर और वाइएस वाटिका का निरीक्षण किया गया और सात दिनों के अन्दर सभी कमियों को दूर करने का निर्देश दिया गया.इस दौरान अग्नि सुरक्षा के मापदंडों की जानकारी विस्तार से दी गयी.

290 बोतल नेपाली शराब और बाइक बरामद, तस्कर फरार

चिरैया. थाना क्षेत्र के मधुबनी गांव में छापेमारी कर चिरैया पुलिस ने 290 बोतल नेपाली शराब सहित एक बाइक बरामद किया है, जबकि शराब कारोबारी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा है. जिसकी पहचान कर प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई की जा रही है. थानाध्यक्ष अम्बेश कुमार ने बताया कि कारोबारी की पहचान आश्रम मधुबनी गांव निवासी अभिषेक कुमार के रूप में हुई है. जो विगत कई महीनों से नेपाल से शराब लाकर मधुबनी क्षेत्र में बेचता था. इसी क्रम में सूचना मिली थी कि वह नेपाल से शराब लाकर मधुबनी में सप्लाई करने जा रहा है. सूचना मिलते ही घेराबंदी कर शराब और बाइक बरामद कर लिया गया है. जबकि कारोबारी भागने में सफल रहा है.

सिंघिया रेलवे ओवरब्रिज पर छह माह से पसरा है अंधेरा, राहगीरों को परेशानी

बंजरिया. एनएच-28ए पिपराकोठी-रक्सौल-बेतिया मुख्य मार्ग पर स्थित सिंघिया गुमटी रेलवे ओवर ब्रिज इन दिनों घोर उपेक्षा का शिकार है. उद्घाटन के महज कुछ समय बाद ही यहां लगी स्ट्रीट लाइटें खराब हो गईं, जो पिछले छह माह से अधिक समय से जस की तस पड़ी हैं. रात होते ही पूरा ब्रिज अंधेरे की आगोश में समा जाता है, जिससे यह मार्ग राहगीरों के लिए 'डेथ ट्रैप'(मृत्यु का जाल) बनता जा रहा है. ज्ञात हो कि 15 दिसंबर 2023 को जनता के लिए खोले गए इस ओवर ब्रिज पर रोशनी के अभाव में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं. स्थानीय नागरिकों के अनुसार, घने अंधेरे के कारण बाइक सवारों का संतुलन बिगड़ना आम बात हो गई है. खासकर पैदल चलने वाले यात्रियों और सीढ़ियों का उपयोग करने वाले बुजुर्गों के लिए यहां से गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं है. अब तक कई लोग अंधेरे के कारण गिरकर चोटिल हो चुके हैं. स्थानीय बुद्धिजीवियों और दैनिक यात्रियों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त किया है. लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं. लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत नहीं कराई गई, तो बड़ा हादसा होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता.

सुरक्षा पर भी उठ रहे सवाल : अंधेरे का फायदा उठाकर यहां आपराधिक घटनाएं भी बढ़ गई हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम ढलते ही इस मार्ग पर अपराधियों का डर बना रहता है, जिसके कारण आम लोग, विशेषकर बाइक सवार और महिलाएं इस रास्ते से जाने में कतराते हैं. हालांकि, बंजरिया पुलिस अंधेरे में गश्त करती जरूर नजर आती है, लेकिन लोगों का स्पष्ट मानना है कि केवल पुलिस गश्त सुरक्षा की स्थायी गारंटी नहीं है.

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम एवं स्थान : पाटलिपुत्र रेल परिसर दीघा पटना पर ब्लॉक–सी में विद्युतीकरण, वायरिंग, प्रकाश व्यवस्था और अलग बिजली आपूर्ति की व्यवस्था और डिप्टी सीईई/कॉन/ एन/ एसपीजे के तहत किसी भी अन्य स्थान पर कार्य हेतु निविदा। **e-Tender No. EL-CN-MHX-ETEN-09-25-26 (2) अनुमानित कार्य की लागत :** रू. 2,52,63,559.92 **(3) जमा किए जाने वाले वयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य :** NIT के अनुसार एवं रू शून्य **(4) कार्य पूर्ण करने का समय :** 12 माह **(5) निविदा बंद होने का तिथि एवं समय :** 24.06.2026 दोपहर 12.00 बजे तक **(6) वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है :** आई.आर.इ.पी.एस वेबसाईट www.ireps.gov.in पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/ कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिषर, पटना 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है। उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण/ उत्तर महेन्द्रूघाट/ पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/ उत्तर /महेंद्रूघाट/पटना

पीआर/0375/सीओएन-एसपीजे/सीओएनएसटी/टी/26-27/44

जिले के पांच लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारकों के खाते में आयी राशि

मुख्यमंत्री के लाइव प्रसारण को देखते अधिकारी व लाभुक .

प्रतिनिधि, मोतिहारी

चंपारण जिले के 5 लाख सामाजिक पेंशनधारियों के खाते में बुधवार को राशि आ गई. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना से डीबीटी के माध्यम से सभी पेंशनधारियों के खाते में राशि हस्तांतरित की. प्रत्येक के खाते में 1100-1100 रूपये आये. पूर्वी चंपारण जिले में 5 लाख 17 हजार 711 सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारी है.जिले में बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांगजनों सहित सभी लाभार्थियों को बिहार सरकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्रतिमाह 1100 की राशि दी जाती है.इस दौरान जिला मुख्यालय में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर स्थित सभा भवन में कार्यक्रम आयोजित की गयी. मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया.मौके पर सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक अक्षय कुमार,जिला कल्याण पदाधिकारी व आईसीडीएस के डीपीपो के अलावा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभुक उपस्थित थे. कार्यक्रम में लाभुकों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से संबंधित विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी.

अस्पतालों व होटलों में फायर सेफ्टी की जांच की गई

मधुबन. अस्पताल, होटल एवं रेस्टोरेंट में फायर सेफ्टी व्यवस्था की जांच को लेकर बुधवार को दूसरे दिन भी अभियान चलाया गया. पकड़ीदयाल फायर ब्रिगेड के पदाधिकारी अक्षय बरनवाल एवं मधुबन फायर ब्रिगेड के कर्मी अभिनव बाबू ने मधुबन तथा गड़हिया बाजार थाना क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों, होटल एवं रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया.जांच के दौरान फायर सेफ्टी सिस्टम की स्थिति का आकलन किया गया. निरीक्षण में पाया गया कि किसी भी संस्थान द्वारा फायर सेफ्टी संबंधी एनओसी प्राप्त नहीं की गयी है. इस पर अधिकारियों ने सभी संस्थानों के संचालकों को 15 दिनों के भीतर फायर सेफ्टी एनओसी प्राप्त कर उसकी रिपोर्ट संबंधित विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित अवधि में निर्देशों का पालन नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है.

लूटकांड का अभियुक्त गिरफ्तार

कोटवा. थाना पुलिस ने लूट कांड के एक फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. गिरफ्तार आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के सिहोरवा गांव निवासी जुमेराती अंसारी के रूप में हुई है. पुलिस के अनुसार जुमेराती अंसारी कोटवा थाना कांड संख्या 357/25 का नामजद अभियुक्त था और घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था. थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है.

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गोपालगंज

बिहार सरकार | फोन नं0 : 06156-224767 Email-ID:- ddc-gopalganj-bih@nic.in | VB-GRAM G Act

पत्रांक-1005/अभि0/मनरेगा दिनांक- 06.06.2026

प्रतिष्ठान/फर्म/वेंडर के Empanelment हेतु आमंत्रण सूचना
VB-G RAM G/ MGNREGA" योजना अंतर्गत वृक्षारोपण की योजना में सामग्री अधिप्राप्ति हेतु प्रतिष्ठान/फर्म/वेंडर के Empanelment हेतु आमंत्रण

आयुक्त VB G-RAM-G, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक 232 दिनांक 04.02.2020 तथा पत्रांक 69823 दिनांक 17.07.2023 के आलोक में गोपालगंज जिला अंतर्गत के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु VB G-RAM-G योजना में ग्राम पंचायतवार वृक्षारोपण की योजना में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की अधिप्राप्ति हेतु प्रतिष्ठित, इक्षुक एवं सक्षम प्रतिष्ठानों के Empanelment हेतु आमंत्रण की मांग की जा रही हैं-

क्र०सं०	विज्ञापनदाता	उप विकास आयुक्त, गोपालगंज
1	कागजात जमा करने की तिथि एवं समय।	विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 04.07.2026 तक (अवकाश के दिनों में छोड़कर)
2	कागजात जमा करने का स्थान एवं समय।	कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गोपालगंज पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहन 05:00 बजे तक (लेखा पदाधिकारी, डी०आर०डी०ए०, गोपालगंज के कार्यालय कक्ष में अधिष्ठापित Drop Box।
3	कागजात की समीक्षा की तिथि।	दिनांक 06.07.2026 समय पूर्वाहन 10.30 बजे से।
4	संविक्षा के विरूद्ध दावा/ आपत्ति प्राप्त करने की तिथि।	दिनांक 08.07.2026 समय अपराह्न 12.30 बजे से।
5	दावा/आपत्ति का निष्पादन की तिथि।	दिनांक 08.07.2026 समय अपराह्न 04.30 बजे से।
6	संविक्षा का स्थान।	उप विकास आयुक्त, गोपालगंज के कार्यालय प्रकोष्ठ में।

दिशा-निर्देश :-
1. प्राप्त निविदा के आधार पर वेन्डर/फैसिलिटेटर का Empanelment जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जायेगा।
2. चयन प्रक्रिया तकनीकी निविदा के माध्यम से सूचीबद्ध करने के लिए हैं।
3. वेन्डर/फैसिलिटेटर का Empanelment बिहार वित्तीय नियमों के अंतर्गत रेट कॉन्ट्रैक्ट (Rate Contract) के अनुसार किया जायेगा, बिहार वित्तीय नियमों के Rule 131 (1) Purchase of goods directly under rate contract हैं।

निविदा का विस्तृत जानकारी कार्य के विस्तृत दायरे तथा अन्य नियम एवं शर्तों के लिए RFE दस्तावेज www.gopalganj.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता हैं।

उप विकास ओयुक्त,
-सह- अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक, गोपालगंज।

पूर्व मध्य रेल

खुली ई–निविदा सूचना
(निर्माण विभाग)

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम : 1, कार्य का नाम एवं स्थान: विविरण: टावर नंबर के बीच 800 केवी एचवीडीसी ट्रांसमिशन लाइन के उल्लंघन को हटाना। 1806 से 1818 बिरवनाथ चरियाली, असम–आगरा सुपौल–अररिया रेलवे विद्युतीकरण कार्य में प्रस्तावित रानीगंज–अररिया कोर्ट खंड के संरेखण में आता है **e-Tender No. EL-C-N-MHX-ETEN-12MOD2-25-26, 2. अनुमानित कार्य की लागत:** रू. 36,85,80,461.41, **3. जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य:** NIT के अनुसार एवं रू शून्य, **4. कार्य पूर्ण करने का समय:** 18 माह, **5. निविदा बंद होने का तिथि एवं समय:** 22/06/2026 दोपहर 12.00 बजे तक, **6. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है:** आई.आर.इ.पी.एस वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर, पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है। उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण/उत्तर महेंद्रूघाट/ पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर पू.म.रे/महेन्द्रूघाट/पटना

पीआर/0374/सीओएन एसपीजे/सीओएनएसटी/टी/26–27/52

पूर्व मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना

खुली ई–निविदा सूचना सं.–सोनपुर 2026–27 (51–64)
मडल रेल प्रबंधक (इंजी.), सोनपुर, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि 29.06.2026 को 13:00 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी विवरण एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाईट www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है।

कार्य का नाम: 51. जोन सं. 1 : वसेई (कार्य)/कुर्सेला, स्थित थानाबिहपुर, के अधीन जोनल कार्य, अनुभाग : कटिहार (छोड़) थानाबिहपुर (छोड़)। (अवधि समाप्ति 30.06.2027) अनुमानित लागतः रू. 50,00,001.44 बयाना राशिः रू.1,00,000.00 **कार्य का नाम:** 52. जोन स. 2 : वसेई (कार्य) थानाबिहपुर के अधीन जोनल कार्य, अनुभागः थानाबिहपुर (मिला)–मानसी (मिला)। (अवधि समाप्ति –30.06.2027) अनुमानित लागतः रू. 50,00,001.44 बयाना राशिः रू. 1,00,000.00 **कार्य का नाम:** 53. जोन सं. 3 : वसेई/कार्य/खगड़िया के अधीन जोनल कार्य, अनुभागः मानसी (छोड़) बरौनी (छोड़)। (अवधि समाप्ति 30. 06.2027) अनुमानित लागतः रू. 56,00,000.00 बयाना राशिःरू.1,12,000.00 **कार्य का नाम:** 54. जोन सं. 4 : वसेई/कार्य/गड़हरा के अधीन जोनल कार्य अनुभागः बरौनी (छोड़) – राजेन्द्र पुल (छोड़)। (अवधि समाप्ति–30.06.2027) अनुमानित लागतः रू. 57,00,000.32 बयाना राशिः रू. 1,14,000.00 **कार्य का नाम:** 55. जोन सं. 5 : वसेई/कार्य/कॉलोनी/ बरौनी के अधीन जोनल कार्य, अनुभागः बरौनी कॉलोनी। (अवधि समाप्ति – 30.06.2027) अनुमानित लागतः रू. 50,00,001.29 बयाना राशिः रू. 1,00,000.00 **कार्य का नाम:** 56. (1) जोन सं. 6 : वसेई/कार्य/ लाईन/बरौनी के अधीन जोनल कार्य, अनुभाग : बरौनी स्टेशन परिसर (मिला)–समस्तीपुर (छोड़)। (अवधि समाप्ति 30.06.2027) (2) जोन सं. 20 : वसेई/कार्य/ लाइन/बरौनी के अधीन जोनल कार्य, अनुभागः बरौनी कोचिंग डिपो क्षेत्र। (अवधि समाप्ति 30.06.2027) अनुमानित लागतः रू. 65,99,999.23 बयाना राशिः रू. 1,32,000.00

कार्य का नाम: 57. जोन सं. 9 :वसेई/कार्य/ मुजफ्फरपुर के अधीन जोनल कार्य, अनुभाग : मुजफ्फरपुर उत्तरी क्षेत्र एवं मुजफ्फरपुर (छोड़)–हाजीपुर (छोड)। (अवधि समाप्ति 30.06.2027) अनुमानित लागतः रू. 45,00,000.07 बयाना राशिः रू. 90,000.00 **कार्य का नाम:** 58. जोन सं. 10 : वसेई/कार्य/शाहपुर पटोरी के अधीन जोनल कार्य, अनुभागः बछवारा (छोड़) हाजीपुर (छोड) । (अवधि समाप्ति 30.06.2027) अनुमानित लागतः रू. 50,00,001.44 बयाना राशिः रू. 1,00,000.00 **कार्य का नाम:** 59. जोन सं. 11 : वसेई/कार्य/हाजीपुर के अधीन जोनल कार्य, अनुभागः हाजीपुर (मिला)–छपरा कचहरी (छोड़) (सोनपुर स्थित कॉम्प्लेक्स को छोड़कर) (अवधि समाप्ति 30.06.2027) अनुमानित लागतः रू. 53,00,000.16 बयाना राशिःरू.1,06,000.00 **कार्य का नाम:** समई/भूमि/सोनपुर के अधीनः वसेई/कार्य /सोनपुर के अधीन जोनल कार्य (अवधि समाप्ति 30.06.2027) 1. जोन सं. 12 : अनुमानित राशिः रू 60,00,000.00 2. जोन सं. 18 : अनुमानित राशि:16,05,000.00 अनुमानित लागतः रू.76,05,000.48 बयाना राशिः रू. 1.52.100.00 **कार्य का नाम:** 61. समई/भूमि/सोनपुर के अधीन : वसेई/कार्य/ सोनपुर के अधीन जोनल कार्य, (अवधि समाप्ति 30.06.2027) (1) जोन सं. 13 : अनुमानित राशिः रू. 59,99,994.00 (2.) जोन सं.: 15 अनुमानित राशि रू. 7,75,000.00 अनुमानित लागतः रू.67,74,993.68 बयाना राशिः रू. 1,35,500.00 **कार्य का नाम:** 62. जोन सं. 14 : वसेई/कार्य/मु./हाजीपुर के अधीन जोनल कार्य, अनुभाग : कोनहारा घाट कॉलोनी, रामाशीष चौक स्थित कॉम्प्लेक्स सहित। (अवधि समाप्ति–30.06.2027) अनुमानित लागतः रू. 50,00,001.44 बयाना राशिः रू. 1,00,000.00 **कार्य का नाम:** 63. जोन सं. 16 : समई/भूमि/सोनपुर के अधीन सभी मदों के लिए जोनल कार्य (महाप्रबंधक कार्यालय कैम्पस हाजीपुर) (अवधि समाप्ति 30.06.2027) **अनुमानित लागतः** रू. 84,81,794.72 **बयाना राशिः** रू. 1,69,600.00 **कार्य का नाम:** 64. जोन सं. 19 : वसेई/कार्य/गड़हरा के अधीन जोनल कार्य, अनुभागः गड़हरा कैरेज व वैगन, डिपो एवं एचएचपी शेड क्षेत्र । (अवधि समाप्ति – 30.06.2027) **अनुमानित लागतः** रू. 35,00,000.00 **बयाना राशिः** रू. 70,000.00

उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार– किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमे कोई दावा मान्य नही होगा।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/पूर्व मध्य रेल/सोनपुर

पीआर/0361/एसईई/ईएनजीजी/टी/26–27/104

मासूम बच्चों को मोबाइल से रखें दूर नहीं तो बैंक खाता हो जायेगा खाली

- ऑनलाइन गेमिंग व फर्जी एप से साइबर ठगी का खतरा
- बच्चों को निशाना बना खाता व निजी डेटा तक पहुंच रहे ठग

वरीय संवाददाता, मोतिहारी

भागदौड़ भरी जिंदगी, ऑफिस के तनाव और घरेलू जिम्मेदारियों के बीच कई अभिभावक बच्चों को व्यस्त रखने के लिए उनके हाथ में स्मार्टफोन थमा देते हैं. शुरुआत में यह आसान उपाय लगता है, लेकिन यही लापरवाही परिवार को बड़े साइबर खतरे में डाल सकती है. हाल के दिनों में ऐसे कई मामले सामने आये हैं, जहां बच्चों की छोटी सी गलती से माता-पिता के बैंक खाते खाली हो गए और निजी डेटा भी चोरी हो गया.

ऑनलाइन गेमिंग कंपनियां और साइबर अपराधी अब सीधे बच्चों को निशाना बना रहे हैं. इंटरनेट पर उपलब्ध अधिकांश गेम फ्री-टू-प्ले मॉडल पर आधारित होते हैं. शुरुआत में गेम मुफ्त होता है, लेकिन आगे बढ़ने के लिए गेमिंग कॉइन्स, स्किन्स और हथियार खरीदने का दबाव बनाया जाता है. बच्चे इन चीजों के आकर्षण में आकर असली पैसे खर्च करने लगते हैं. कई फर्जी गेमिंग ऐप्स बच्चों को यह झांसा देते हैं कि पैसे लगाने पर दोगुना रिटर्न या पूरा रिफंड मिलेगा. कुछ ऐप्स गेम खेलने के बदले असली पैसे मिलने का दावा भी करते हैं. बच्चे लालच और मासूमियत में माता-पिता के मोबाइल से ट्रांजैक्शन कर बैठते हैं. अक्सर मोबाइल में डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या यूपीआइ की जानकारी सेव रहती है. कई बार बच्चों को पासवर्ड या पिन का अंदाजा लग जाता है. एक बार भुगतान होने के बाद साइबर ठगों के लिए रास्ता आसान हो जाता है.

मोबाइल से डेटा चोरी व ब्लैकमेलिंग का बढ़ा खतरा : असुरक्षित गेमिंग ऐप इंस्टॉल करते समय बच्चे बिना समझे गैलरी, कॉन्टैक्ट्स, एसएमएस और लोकेशन जैसी परमिशन दे देते हैं. इसके जरिए साइबर अपराधी बैंक ओटीपी तक पढ़ लेते हैं. निजी तस्वीरें और वीडियो चोरी कर बाद में ब्लैकमेलिंग भी की जाती है. साइबर विशेषज्ञों के अनुसार साइबर ठग जानते हैं कि बच्चे जल्दी भरोसा कर लेते हैं. गेम में आगे बढ़ने और दोस्तों से जीतने की चाह में वे स्क्रीन पर दिए गए निर्देशों का पालन करने लगते हैं. कई गेम कंपनियां बच्चों को लंबे समय तक जोड़े रखने के लिए मनोवैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल करती हैं.

बच्चों के हाथ में मोबाइल तो अभिभावक रहें अलर्ट

- बच्चों के मोबाइल उपयोग पर निगरानी रखें
- बैंकिंग एप और यूपीआइ पर मजबूत पासवर्ड लगाएं
- फोन में कार्ड डिटेल ऑटो-सेव न रखें
- बच्चों को अनजान लिंक और फर्जी ऑफर से सावधान करें
- केवल विश्वसनीय एप ही डाउनलोड करें
- बच्चों के साथ समय बीताएं और आउटडोर खेल के लिए प्रेरित करें

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! | punjab national bank ...the name you can BANK upon !

अंचल कार्यालय -SAM चम्पारण, उज्जवल कॉमप्लेक्स, चाँदमारी चौक, मोतिहारी-845401, ई-मेल : cochamprecovery@pnb.bank.in

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना (ई नीलामी बिक्री सूचना)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना. एतद द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार (ओं) को सूचना दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को संरक्षित / सुरक्षित लेनदार को बंधक/प्रभारित किया गया है, जिसका रचनात्मक /भौतिक/सांकेतिक (जो भी लागू हो) जिसका कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी /प्रतिभूत लेनदार द्वारा लिया गया है. संबंधित उधारकर्ता(ओं) और जमानतदा(रों) से बैंक /सुरक्षित लेनदार होने के कारण अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिये तालिका में उल्लेखित तिथि पर ''जहां भी है'', ''जैसा भी है'', ''जो कुछ भी है'' और ''जिस अवस्था में है'' के आधार पर बेचा जाएगा. सुरक्षित मूल्य और अग्रधन जमा राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दिये गये तालिका में उल्लेखित है.

**सुरक्षित संपत्तियों की अ